- **आपातकाल के पचास साल पूरे होने पर देश में संविधान हत्या दिवस मनाया जा रहा है।**
- **किशोरियों के लिए कौशल विकास की नई पहल 'नव्या' की शुरुआत की गई है।**
- **ग्रामीण विकास सचिव ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण किया।**
- **अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से मादक पदार्थों के दुरूपयोग रोकने के विरोध में मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया गया।**

<><><><><><><>

आपातकाल के पचास साल पूरे होने पर आज संविधान हत्या दिवस मनाया जा रहा है। संविधान हत्या दिवस के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह लॉन्ग लिव डेमोक्रेसी यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। उन्नीस सौ पचहत्तर में भारत में आपातकाल लागू होने के पचास साल पूरे होने पर केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय, दिल्ली सरकार के सहयोग से आज नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में संविधान हत्या दिवस मनाएगा। पच्चीस जून उन्नीस सौ पचहत्तर को घोषित आपातकाल, भारत की आज़ादी के बाद के इतिहास के सबसे काले अध्यायों में से एक है। इस दौरान मौलिक अधिकारों को निलंबित करने के साथ –साथ प्रेस की स्वतंत्रता पर अंकुश और लोकतांत्रिक संस्थाओं को खामोश कर दिया गया। वर्ष दो हजार चौबीस में भारत सरकार ने आधिकारिक तौर पर पच्चीस जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में अधिसूचित किया, जिससे इस घटनाक्रम को भुलाया न जाए और लोकतंत्र की पवित्रता को लगातार बरकरार रखा जा सके। दिल्ली में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गृह मंत्री अमित शाह के साथ सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शामिल होंगे।

<><><><><><><>

किशोरियों के लिए कौशल विकास की नई पहल 'नव्या' की शुरुआत की गई है। इस योजना की शुरुआत सोनभद्र से की गई। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा किशोरियों को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत अल्पकालिक कौशल विकास पाठ्यक्रमों के ज़रिए प्रशिक्षित किया जाएगा। किशोर युवतियों को सशक्त बनाने और विकसित भारत–दो हजार सैंतालीस के विज़न को आगे बढ़ाते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के साथ मिलकर कल उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में 'नव्या' (युवा किशोरियों के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण के ज़रिए आकांक्षाओं का पोषण) का शुभारंभ किया। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के राज्यमंत्री जयंत चौधरी और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर द्वारा संयुक्त रूप से शुरू किए गए, नव्या कार्यक्रम का मकसद सोलह से अट्ठारह वर्ष की किशोरियों को मुख्य रूप से गैर–पारंपरिक और उभरते हुए क्षेत्रों में रोज़गार की भूमिकाओं को लेकर व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना है।

<><><><><><><>

अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स ने अपना तीसरा अंडमान पर्यटन रोड शो सफलतापूर्वक सम्पन्न कर लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व एम. विनोद द्वारा किया गया। उन्होंने इस कार्यकम की सफलता के लिए प्रतिनिधियों, प्रायोजकों और आटो सदस्यों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम का आयोजन चिड़ियाटापू स्थित होटल सिम्फनी समुद्रा में किया गया।

<><><><><><><>

ग्रामीण विकास सचिव अर्जुन शर्मा ने ग्राम पंचायत होपटाउन और नॉर्थ बे गांव में विभिन्न विकास परियोजनाओं का निरीक्षण किया। उपायुक्त एवं सचिव ने ग्रामीण बुनियादी ढांचे के विकास के प्रति शासन की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने निवासियों से स्वच्छता को जीवन पद्धति में अपनाने और वातावरण को स्वच्छ रखने का आग्रह किया। इस अवसर पर एन आर एन एम योजना के तहत स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित नौ मोबाइल फुड स्टॉल का उद्घाटन भी किया और इसके साथ ही होपटाउन के प्रधान के साथ क्षतिग्रस्त पानीघाट जेट्टी का निरीक्षण कर मरम्मत का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने मादक पदार्थों के दुरूपयोग रोकने और तस्करी के विरोध में एक मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया। इस कार्यक्रम को आई पी एस जितेन्द्र कुमार मीणा ने हरी झंडी दिखाई। रैली में सत्तर बाईक सवार ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम आयोजकों ने नागरिकों से नशीली दवाओं के दुरूपयोग और तस्करी से संबंधित किसी भी जानकारी को एंटी नारकोटिक्स पुलिस स्टेशन में साझा करने का आग्रह किया।

उधर, कैम्पबेल बे मे भी नशीली दवाओं के विरूद्ध और नशामुक्त समाज बनाने के लिए बाईक रैली का आयोजन किया गया। इस बाईक रैली को कैम्पबेल बे से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया और इसका समापन जेट्टी बाजार में हुआ। इस अवसर पर नागरिकों को स्वस्थ और बेहतर जीवनशली जीने के लिए प्रेरित किया गया।

<><><><><><>

पुलिस मुख्यालय में हाल ही में हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार मीणा ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हिन्दी हमारी राजभाषा है तथा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों से इस कार्यशाला का अधिक से अधिक लाभ उठाने को कहा। उन्होंने अण्डमान निकोबार पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों को राजभाषा की लक्ष्य प्राप्ति के लिए हिन्दी का प्रयोग अपने दैनिक कार्यों में करने की अपील की। समापन समारोह में अग्नि एवं आपातकालीन सेवा के पुलिस अधीक्षक सनी गुप्ता मुख्य अतिथि थे। उन्होंने विभाग के कर्मचारियों के लिए आयोजित हिन्दी कार्यशाला पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विभागीय कर्मचारियों से कहा कि राजभाषा नियमों का अनुपालन वैकल्पिक नहीं, अनिवार्य है। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किया। इस कार्यशाला में वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी मोहन दास तथा कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी अजय सिंह ने अपने विचार रखे। कार्यशाला में अण्डमान निकोबार पुलिस के विभिन्न इकाइयों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने भाग लिया।

<><><><><><>

एन एच –04 पर सिप्पीघाट में नए पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण सभी वाहनों को आज से अगले आदेश तक सिप्पीघाट के पुराने छोटे पुल से भेजा जाएगा। सभी संबंधित विभागों, प्रवर्तन एजेंसियों और परिवहन ऑपरेटरों को इस अधिसूचना का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

<><><><><><>

एस टी एस विभाग कैम्पबेल बे के सामुदायिक भवन में सड़क सुरक्षा एवं परिवहन सेवा विभाग द्वारा एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कियागया। कार्यक्रम में मेडिकल विभाग की डॉ. राजेश्वरी ने सड़क दुर्घटना में सी पी आर प्रक्रिया और दुर्घटना में खून रोकने के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के अंत में एस टी एस के जे.ई मोहम्मद फारूख ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लर्नर्स लाइसेंस वितरित किए गए। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि जल्द ही इस तरह का जागरूकता कार्यक्रम गोविन्द नगर और लक्ष्मी नगर पंचायत में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><>

राजस्व विभाग, पुलिस विभाग और अंडमान लोक निर्माण विभाग के आपसी सहयोग से अट्टम पहाड़ पर अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान चलाया गया। हाल ही में अस्थाई आश्रयों, अवैध बाड़ लगाने और केले के पेड़ों के अवैध रोपण कर कुछ स्थानों पर सरकारी जमीन पर कब्जे के उद्देश्य से अतिक्रमण किया गया था। लेकिन राजस्व विभाग की सतर्क निगरानी और त्वरित कार्रवाई के चलते अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। विभाग ने कहा कि अतिक्रमण संबंधी जानकारी देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

<><><><><><>

आज अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में एक यादो स्थानों पर तेज हवाओं के साथ आंधी आने और बिजली गिरने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार कल भी ऐसा ही मौसम रहने की संभावना व्यक्त की गई है। इस अवधि के दौरान समुद्र में दो मीटर ऊँची लहरे उठ सकती है। समुद्र की खराब स्थिति को देखते हुए मछुआरों को गहरे समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><>

पॉल्ट्री विकास कार्यक्रम के तहत दक्षिण अंडमान की दो ग्राम पंचायतों और मध्य अंडमान की एक ग्राम पंचायत में खाकी कैम्पबेल किस्म के लगभग पन्द्रह सौ दिन पुराने बत्तख के बच्चे वितरित किए गए। आई ए एस पल्लवी सरकार ने ग्राम पंचायत सदस्यों को बत्तख के बच्चे वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आय सृजन के साधन के रूप में बत्तख पालन को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जा रहा है और यह किसानों के बीच लोकप्रियता हासिल कर रहा है।

<><><><><><>